updesco

सन्दर्भ संख्या:- D/२५-२5/२755
दिनांक :- 30/10/२०२५

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उ.प्र. शासन,
   उच्च शिक्षा/व्यावसासिक शिक्षा एवं कौशल विकास/चिकित्सा शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/दिव्यांगजन सशक्तिकरण/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन/पशुधन/संस्कृति/कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान/बेसिक शिक्षा विभाग तथा आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ.प्र. शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. कुल सचिव,
   अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़/बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी/बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, लखनऊ/इलाहाबाद यूनीवर्सिटी, प्रयागराज/गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर/अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, रायबरेली।

विषयः– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत विकसित डिजीशक्ति पोर्टल पर सत्र 2022–23 एवं 2023–24 के अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राओं की अपलोडिंग बन्द किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि शासनादेश संख्या–975/77–1–2022–156/2021 दिनांक 18 जुलाई, 2022 के अनुपालन में प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की गयी है जिसके क्रम में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से यूपीडेस्को नोडल संस्था के रूप में कार्यरत है। योजना के सतत क्रियान्वयन हेतु डिजीशक्ति वेबपोर्टल विकसित किया गया है।

2. अवगत कराना है कि डिजीशक्ति पोर्टल पर सत्र 2022–23 एवं 2023–24 के अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राओं के डाटा को अपलोड किये जाने की व्यवस्था को बन्द किये जाने का मत स्थिर किया गया है। उक्तानुसार इन सत्रों के डाटा को अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 01.12.2024 से बन्द कर दी जायेगी। इस सम्बन्ध में यह आवश्यक है कि उक्त निर्धारित तिथि से पूर्व आपके विभाग/जनपद/विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले संस्थानों में यदि इन सत्र के छात्र–छात्राओं का डाटा अपलोड किया जाना शेष हो तो उसे अपलोड करने की कार्यवाही सम्बन्धितों द्वारा कर ली जाये। उक्त तिथि के उपरान्त इन सत्रों के डाटा अपलोडिंग की कार्यवाही सम्पन्न नहीं हो सकेगी।

कृपया उक्त से अवगत होते हुये अपने विभाग/जनपद/विश्वविद्यालय के इस योजना से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को इस सम्बन्ध में अवगत कराने तथा उनके माध्यम से अपने अन्तर्गत आने वाले समस्त संस्थानों को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

Signed by
Neha Jain
Date: 30-10-2024 16:35:17
(नेहा जैन)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः– प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ.प्र. शासन को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नेहा जैन)
प्रबन्ध निदेशक

**उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड**
(उ. प्र. सरकार का उपक्रम)
अपट्रॉन बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ– 226010
दूरभाष : 0522–2307803 | फेक्सः 0522–2307832
e-mail : mdupdesco.up@gmail.com | website : www.upite.gov.in/UPDESCO